**आकाशवाणी शिमला**
**09.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1520बजे**

**पाक मिसाइलें–जम्मू**

भारतीय सशस्त्र बलों ने कल रात ड्रोन और मिसाइलों से देश के उत्तरी और पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। भारतीय सेना ने जोर देकर कहा है कि वह देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के अनुसार, पाकिस्तान ने जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में सैन्य स्टेशनों और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास के स्थानों को भी निशाना बनाने का प्रयास किया। हालाँकि, भारतीय सशस्त्र बलों ने हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया, और किसी भी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चोपड़ा ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के विरूद्ध भ्रामक दुष्प्रचार का अभियान शुरू किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें।

**हिमाचल सुरक्षा–1**

इस बीच भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए हिमाचल प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जम्मू और पंजाब सीमा से लगते संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में पर्यटन व धार्मिक स्थलों, पन बिजली परियोजनाओं और सीमावर्ती क्षेत्रों को अर्लट पर रखा गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आज शिमला में एक आपातकालीन बैठक हुई। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार आतंकवाद के खिलाफ की जा रही कार्रवाई में केंद्र सरकार के साथ है। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान द्वारा बीती रात किए गए ड्रोन और मिसाईल हमले को निष्क्रिय करने के लिए सेना के शौर्य की सराहना की। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश में बसों का परिचालन नहीं रोका गया है।

**हिमाचल सुरक्षा–2**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों के दृष्टिगत मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव सहित अन्य सभी आपातकालीन सेवा से संबधित कार्यालय छुट्टी के दिन भी खुले रहेंगे। इससे पहले कल देर रात ऊना व बिलासपुर जिलों सहित कांगड़ा जिला के नुरपूर, इंदौरा, फतेहपुर व ज्वाली में ब्लैक आउट को लेकर एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को पूर्ण ब्लैक आउट यानी घरों की लाइटें पूरी तरह बंद रखने और घरों में ही सुरक्षित रहने को कहा गया है। उना जिला में आज सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान बंद रहे। इस बीच केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भुंतर हवाई अडडे को अगले आदेशों तक बंद कर दिया गया है।

**केंद्र–टेरिटोरियल आर्मी**

केंद्र सरकार ने थल सेना अध्यक्ष को एक विशेष अधिकार प्रदान कर दिया है। इसके तहत अब वे आवश्यकता पड़ने पर टेरिटोरियल आर्मी के सभी जवानों और अधिकारियों को देश की सुरक्षा तथा आवश्यक कार्यों के लिए बुला सकेंगे। टेरिटोरियल आर्मी के जवान और अधिकारी भारत की नियमित सेना को सहायता और पूरकता प्रदान करने के लिए कभी भी बुलाये जा सकते हैं। सेना प्रमुख को ये अधिकार

टेरिटोरियल आर्मी नियम 1948 के तहत दिये गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी है। यह आदेश 9 फरवरी 2028 तक तीन वर्ष के लिए लागू रहेगा। टेरिटोरियल आर्मी की मौजूदा 32 इन्फैंट्री बटालियनों में से 14 इन्फैंट्री बटालियनों को दक्षिणी कमान, पूर्वी कमान, पश्चिमी कमान, मध्य कमान, उत्तरी कमान, दक्षिण पश्चिमी कमान, अंडमान और निकोबार कमान तथा सेना प्रशिक्षण कमान के क्षेत्रों में शामिल किया गया है।

**दिल्ली हवाई अड्डा परामर्श**

दिल्ली हवाई अड्डे पर विमान परिचालन सामान्य रहेगा। लेकिन बदलती हवाई क्षेत्र स्थितियों और कड़े सुरक्षा उपायों के कारण कुछ उडानों का समय बदला जा सकता है। आज जारी परामर्श में दिल्ली विमानपत्तन प्राधिकरण ने विमानों के सुगम संचालन के लिए यात्रियों को सुरक्षा तथा एयरलाइन कर्मियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है। लोगों से भ्रामक या अप्रमाणित सूचना से बचने तथा सही जानकारी के लिए आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का भी आग्रह किया गया है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने मुख्य सचिव को जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में फंसे प्रदेश के एक सौ 3 विद्यार्थियों को वापिस लाने के तत्काल आवश्यक कदम उठाने और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इसके लिए जम्मू कश्मीर सरकार से समन्वय स्थापित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने उनसे मिलने आए उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया को कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों की सुरक्षा और सकुशल वापसी राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे पूर्व केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री से भेंट कर श्रीनगर में पढ़ाई कर रहे हिमाचली विद्यार्थियों को सुरक्षित वापिस लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों के अभिभावक भारत–पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे तनाव के दृष्टिगत अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और बच्चों की सुरक्षित वापसी की मांग कर रहे हैं।

**परीक्षा स्थगित**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने 10 व 11 मई को प्रस्तावित हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टैस्ट–2025 आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया है। ये फैसला भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के दृष्टिगत लिया गया है। तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि नई तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। तकनीकी विश्वविद्यालय का ये कॉमन एंट्रेंस टैस्ट चंडीगढ़ सहित प्रदेश के 10 ज़िलों में प्रस्तावित था जिसके लिए 10 हजार 5 सौ 17 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया है। दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने 27 मई को आयोजित होने वाली बी.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए पात्र व इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये प्रवेश परीक्षा प्रदेश विश्वविद्यालय और रिजनल सेंटर धर्मशाला सहित 53 गैर सरकारी बी.एड. कॉलेजों की 5 हजार 9 सौ सीटों के लिए आयोजित की जाएंगी। प्रवेश परीक्षा के लिए 12 मई तक ऑनलाईन आवेदन किए जा सकते हैं।

**रक्षा–मीडिया सलाह**

केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नागरिकों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग न करने को कहा है। रक्षा मंत्रालय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय की एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए कहा कि ऐसी संवेदनशील जानकारी और सूत्र आधारित सूचना अभियान की प्रभावशीलता को खतरे में डाल सकता है। मंत्रालय ने कारगिल युद्ध, 2008 मुम्बई आतंकी हमला और कंधार अपहरण जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए समय पूर्व रिपोर्टिंग के जोखिमों का हवाला दिया। केबल टेलीविजन नेटवर्क संशोधन नियम, 2021 के अनुसार, आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान केवल नामित अधिकारियों द्वारा समय–समय पर ब्रीफिंग की

अनुमति है। रक्षा मंत्रालय ने सभी हितधारकों से राष्ट्र की सेवा में उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए कवरेज में सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बरतने का आग्रह किया है।

**बैंक परामर्श**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने कहा है कि सभी एटीएम, धनराशि जमा करने की मशीनें, स्वचालित नकदी जमा और धन निकासी की मशीनें तथा सभी डिजिटल सेवाएं पूर्ण रूप से संचालित हो रही हैं और आम जनता के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हैं। एक परामर्श में बैंकों ने ग्राहकों से किसी भी अनाधिकृत सूचना पर भरोसा न करने की सलाह जारी की है।

______________